# बिहार भेजी जा रही थी कि 46 पेटी नकली शराब, उत्पाद विभाग ने ट्रक सहित किया जब्त



Publish Date:Thu, 17 Jun 2021 07:04 AM (IST)Author: **Jagran**

*शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है।*

जागरण संवाददाता, रांची :

शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। बिहार भेजी जा रही बड़ी खेप रातू इलाके से पकड़ी गई है। उत्पाद विभाग की टीम रातू के गोकुलधाम द्वारिका विद्या स्कूल के समीप मैदान में छापेमारी कर बुधवार को ट्रक में लोड 46 पेटी नकली शराब जब्त किया है। हालांकि विभाग की टीम को देखते ही तस्कर ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गए। मामले में विभाग ने तस्कर रवि उरांव और प्रसुन्न कर्ण के खिलाफ एफआइआर दर्ज किया है। तस्कर नकली शराब की ब्रांडेड रैपरों में रीपैकेजिग कर बेचते हैं। तस्करों के घर से स्टीकर, खाली बोतलें और कार्टन भी जब्त किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार नकली शराब की तस्करी रातू से होने की विभाग को सूचना मिली थी। विभाग के सहायक आयुक्त के निर्देश पर संजय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम में अमित कुमार गुप्ता, अभिषेक आनंद, आशीष पांडेय व सिपाहियों को शामिल किया गया। टीम गोकुलधाम इलाके में पहुंची। इसी बीच टीम को देखकर चालक ट्रक लेकर मैदान के रास्ते भागने लगे। इस क्रम में ट्रक कीचड़ में फंस गया। टीम ने ट्रक को जब्त कर लिया। वहीं शराब तस्कर टीम को देखकर भाग निकले। विभागीय अफसरों के अनुसार जब्त की गई 46 पेटी में 1152 बोतल नकली शराब है।

ज्ञात हो कि बिहार में शराबबंदी लागू है। वहां शराब की खरीद-बिक्री व पीने-पिलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लागू है। इसके बावजूद चोरी-छिपे शराब का कारोबार वहां फल-फूफ्ल रहा है। झारखंड से बड़ी मात्रा में बिहार चोरी-छिपे भेजी जाती रही है। इसके ूपर्प्व भी कई बार बिहार भेजी जा रही शराब को पुलिस ने पकड़ा है।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/ranchi-illegal-wine-seized-whilw-transporting-21744916.html